हाथो में लेके निशान चले रे,
हम तो सारे बाबा के गाँव चले रे।।

तर्ज पालकी में होके सवार चली रे।

लो आ गया मेला तेरा,
सब नाचते छुम छुम छुम छुम,
हाथो में लेके निशान चले रे,
हम तो सारे बाबा के गाँव चले रे।।

जय हो खाटु धाम की,
जय हो बाबा श्याम की,
जय हो खाटु धाम की,
जय हो बाबा श्याम की।

फागुण महीना रंग रंगीला,
सज धज के बैठा है श्याम सजीला,
सज धज के बैठा है श्याम सजीला,
मन में उठी है ऐसी उमंग,
ऐसी उमंग हाँ ऐसी उमंग,
पाने को तेरा दीदार चले रे,
हम तो सारे बाबा के गाँव चले रे,
हाथो में लेके निशान चले रे,
हम तो सारे बाबा के गाँव चले रे।।

जय हो खाटु धाम की,
जय हो बाबा श्याम की,
जय हो खाटु धाम की,
जय हो बाबा श्याम की।

खुशबु उड़ाए खाटु की मिटटी,
श्याम पियारे की आई है चिठ्ठी,
श्याम पियारे की आई है चिठ्ठी,
याद करे हमे श्याम सजन,
श्याम सजन हाँ श्याम सजन,
हो कर के सारे बेक़रार चले रे,
हम तो सारे बाबा के गाँव चले रे,
हाथो में लेके निशान चले रे,
हम तो सारे बाबा के गाँव चले रे।।

जय हो खाटु धाम की,
जय हो बाबा श्याम की,
जय हो खाटु धाम की,
जय हो बाबा श्याम की।

चार दिनों तक संग में रहेंगे,
हम सारे बाबा के रन्ग में रंगेंगे,
हम सारे बाबा के रंग में रंगेंगे,
गाएंगे बस तेरे भजन,
तेरे भजन हाँ तेरे भजन,
भूलके सारा घर बार चले रे,
हम तो सारे बाबा के गाँव चले रे,
हाथो में लेके निशान चले रे,
हम तो सारे बाबा के गाँव चले रे।।

जय हो खाटु धाम की,
जय हो बाबा श्याम की,
जय हो खाटु धाम की,
जय हो बाबा श्याम की।

हर दम हमें बस यूँही बुलाना,
इस शाम को ना तू दिल से भूलाना,
इस शाम को ना तू दिल से भूलाना,
करता हूँ चरणों में नमन,
तेरे नमन हाँ तेरे नमन,
आशा यही ले दरबार चले रे,
हम तो सारे बाबा के गाँव चले रे,
हाथो में लेके निशान चले रे,
हम तो सारे बाबा के गाँव चले रे।।

जय हो खाटु धाम की,
जय हो बाबा श्याम की,
जय हो खाटु धाम की,
जय हो बाबा श्याम की।

लो आ गया मेला तेरा,
सब नाचते छुम छुम छुम छुम,
हाथो में लेके निशान चले रे,
हम तो सारे बाबा के गाँव चले रे।।

Singer : Priyanka Gupta

Source: https://www.bharattemples.com/hatho-mai-le-kar-nishan-chale-re/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw